>

Title: Need to set up Central Universities in Motihari and Gaya to be named after Mahatma Gandhi and Mahatma Budha respectively.

श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चम्पारण): महात्मा गांधी की कर्मभूमि मोतिहारी देश के इतिहास में एक चर्चित नाम है। मोतिहारी के चप्पे-चप्पे पर गांधी जी की उपस्थिति और देश की आजादी की लड़ाई के लिए संघर्ष की कहानी से पूरी दुनिया परिचित है। वर्षों से महात्मा गांधी के नाम पर मोतिहारी में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग वहां की जनता और बिहार की सरकार करती रही है। अंततः भारत की सरकार ने उत्तर बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी एवं दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया में स्थापित करने का निर्णय लिया है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि मोतिहारी में स्थापित होने वाले केन्द्रीय विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी एवं गया में स्थापित होने वाले केन्द्रीय विश्वविद्यालय में गौतमबुद्ध का नाम जोड़ा जाए।